# बरखेड़ी हत्याकाण्ड में 8 को उम्रकैद

## खेत पर पाइप चोरी के नाम पर की मारपीट, पुलिस को किया था गुमराह, अदालत में जुर्म कबूला

**अप्रैल 2022 में खेत पर मोटर चुराने के आरोप में की थी मारपीट से हुई थी मौत**

**पुलिस को गुमराह करने रची कहानी, थाना प्रभारी को हटाने की मांग की थी**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 12 अगस्त, का. दो साल पूर्व खेत की मेढ़ पर मोटर चुराने का आरोप लगाकर एक व्यक्ति से मारपीट की गई. जिसमें उसकी पुलिस जांच के दौरान मौत हो गई थी. मामले ने काफी तूल पकड़ा था और उस समय थाना प्रभारी को हटाने की मांग भी की गई थी. आरोपियों ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश भी की. लेकिन न्यायालय ने दो साल चले ट्रायल के बाद 8 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा दी है. साथ ही 10 हजार रूपए का अर्थदण्ड भी दिया है.**

### पुलिस को गुमराह कर झूठी रिपोर्ट कराई

अभियुक्त गणों ने मृतक मांगीलाल के साथ मारपीट कर उसे बंधक बनाया और फिर डायल 100 पर सूचना देकर पुलिस बुलाई थाने पर जाकर डायल- 100 के कॉलर आरोपी ने इवेंट में जानकारी दी थी कि ग्राम बरखेडी में एक चोर को पकड रखा है आप लोग आ जाओ फिर डायल 100 से पुलिस ने आकर मांगीलाल को झूठी सूचना पर थाना ले गये .

### हाईवे पर धरना देकर की टीआई को हटाने की मांग

दूसरे दिन मृतक की मृत्यु होने पर नेशनल हाईवे क्रमांक 12 एबी रोड पर थाना देहात ब्यावरा के सामने धरने पर बैठ गये कि मृतक मांगीलाल की मृत्यु पुलिस अभिरक्षा में हुई है और तत्कालीन थाना प्रभारी देहात ब्यावरा आदित्य सोनी को हटाने की मांग की और पुलिस के खिलाफ ही 302 का प्रकरण पंजीबद्ध किये जाने हेतु धरना दिया गया . तत्कालीन थाना प्रभारी देहात ब्यावरा आदित्य सोनी के विरूद्ध जांच एसडीओपी ब्यावरा द्वारा की गयी .

मामले में फैसला तहसील न्यायालय ब्यावरा में पदस्थ चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश अमजद अली द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 272/2022 में दिया है. जिसमें आरोपीगण रामराज, आजाद, लाखन, घनश्याम, भरतराम, रामबाबू, हेमराज, जगमोहन सर्व निवासी ग्राम बरखेडी थाना देहात ब्यावरा को हत्या एवं बलवा करने के आरोप में धारा 302, 147, 149 भादवि में दोषी करार दिया है. चूकि मृतक मांगीलाल की हत्या के संबंध में आम लोगों द्वारा पुलिस की कार्यवाही को ही प्रश्नगत किया जा रहा था. अभियुक्तगण द्वारा हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से जमानत लेने हेतु पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु होना बताया पर यह तर्क काम नही आया. सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत को केस का फैसला 6 माह में सुनाने का आदेश जारी किया था. इस हत्याकाण्ड में तत्कालीन कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने जिला अभियोजन अधिकारी आलोक श्रीवास्तव को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया. 29 गवाहों का परीक्षण किया गया. कुछेक गवाहों की गवाही दो-दो तीन-तीन दिन तक भी चली. स्वयं आरोपी हेमराज की गवाही भी कोई काम नही आई. 29 गवाहों के न्यायालय में कथन कराये. धारा 302 में आजीवन कारावास और 10 हजार अर्थदंड , धारा 147 में 3 वर्ष और 2 हजार रुपए का अर्थदण्ड दिया है.

### पिटाई कर डायल 100 को लगाया फोन

घटना 09 अप्रैल 2022 की है . जब रात 9 :30 बजे अभियुक्त रामबाबू निवासी बरखेडी ने अपने मोबाईल से डायल 100 पर सूचना दी थी कि कि मेरे खेत से सिचांई के पाईप एक व्यक्ति चोरी कर रहा था जिसे हम लोगों ने पकड लिया है . इस सूचना को डायल 100 पर इस प्रकार लेख किया गया . बरखेडी गांव में कुंए के पास मेन रोड पर चोर को पकड रखा है . सूचना पर डायल 100 ग्राम बरखेडी पहुंची और वहां से अभियुक्तगण द्वारा पकडे गये व्यक्ति मांगीलाल को थाना देहात ब्यावरा लेकर आ गई . जिसके उपरांत घनश्याम ने हमराह लाखन के साथ थाना आकर एक एनसीआर दर्ज करवाया कि मांगीलाल ने उनके खेत के पाईप तोड दिये है . मृतक मांगीलाल करीबन बारह बजे अचानक बेहोस हो गया जिसे तुरंत उपचार हेतु ब्यावरा के पंजाबी नर्सिंग होम अस्पताल और फिर रेफर उपरांत भोपाल के एलबीएस हास्पिटल ले जाया गया . जहां डॉक्टरों के द्वारा मांगीलाल को मृत घोषित कर दिया . दूसरे दिन सुबह 7 :30 बजे फरियादी लक्ष्मीनारायण ने देहाती मर्ग नालसी एवं प्रथम सूचना रिपोर्ट इस आशय कि लेख कराई कि कल रात दिनांक 9 .4 .22 को 9 :30 बजे गांव के सरपंच ने बताया कि मांगीलाल के साथ कुंए पर मारपीट हो रही है तो मैं कुंए पर गया तो मैने देखा कि मांगीलाल के साथ मेरे गांव के रामराज, आजाद, लाखन, घनश्याम, भरतराम, रामबाबू, हेमराज, जगमोहन, लट्ठ एवं हाथ मुक्कों से मारपीट कर रहे थे बाद में मौके पर अन्य लोग आ गये तब मृतक मांगीलाल ने बताया कि आरोपीगण ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट की है जिससे मुझे सिर में पीठ पर कमर पर दोनों पुट्ठे पर एवं दोनो पैरों में चोटे आई है जिनके कारण मृतक की मृत्यु हुई है .

# अचानक बंद कर दी वृद्धा की मासिक पेंशन

## जनसुनवाई में पहुंची महिला, लगाई गुहार, जांच के आदेश जारी



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 12 अगस्त, का.** जिला मुख्यांलय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्यायओं का निराकरण किया जाता है. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा 12 अगस्त को आयोजित जनसुनवाई में ग्राम ब्राह्मण निवासी डालीबाई ने बताया कि आवेदिका को पूर्व में विधवा पेंशन योजना का लाभ मिलता था. जो अचानक बंद होने से आवेदिका को उक्तव योजना का लाभ नहीं मिल रहा है. कलेक्टर द्वारा आवेदक को 2 हजार रूपये की आर्थिक सहायता रेडक्रास के माध्यनम से प्रदान की एवं सामाजिक न्या्य विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे. जनसुनवाई में ग्राम कोलूखेडा निवासी राजनबाई ने बताया कि आवेदक की भूमि मोहनपुरा परियोजना में आने से अभी तक आवेदक को राशि का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है. कलेक्टर द्वारा ईई मोहनपुरा को जांच हेतु निर्देशित किया गया. ग्राम बाबल्दाउ निवासी लखन सिंह राजपूत ने बताया कि सामुदायिक भवन क्षतिग्रस्तभ हो गया है. जिससे जनहानि होने की संभावना है. आवेदकों से 65 आवेदन प्राप्त हुए. समस्त आवेदनों का निराकरण करने के लिए अधिकारियों को पाबंद किया गया.

## एक नजर में

### पीएम श्री स्कूल के पुराने वीडियो से बवाल

**सुठालिया 12 अगस्त, सं.** नगर के पीएमश्री स्कूल के हाल ही में हुए एक वायरल विडियों ने बवाल खड़ा कर दिया है जिसमें स्कूल के कुछ छात्र यहां लगी टीवी पर अश्लील फिल्म देखते हुए नजर आ रहे है . जानकारी के अनुसार स्थानीय पीएमश्री स्कूल का यह मामला सामने आया है जिसमें कुछ छात्र इस तरह की फिल्म देखते हुए दिखाई दे रहे है, विडियों के वायरल होने के बाद बवाल खड़ा हो गया . शिक्षा विभाग सहित जिला प्रशासन जांच में जुट गया है . बताया जाता है कि एक-दो दिन पूर्व इसी स्कूल के कुछ छात्रों द्वारा साउथ की फिल्म देखते हुए विडियों वायरल हुआ था . हालांकि यह एक सामान्य विडियों होने के चलते कोई बवाल वाली स्थिति नहीं बनी किंतु हाल ही में वायरल हुए विडियों हड़कम्प मचा दिया है . मंगलवार को जिला एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी स्कूल पहुंचे तथा जांच कर स्कूल प्रबंधन, छात्रों से चर्चा की . उधर स्कूल प्राचार्य का कहना है कि यह वायरल विडियों 6 से 8 माह पुराना है जिसमें बच्चे स्वेटर पहने हुए है . फिलहाल विभाग द्वारा जांच की जा रही है .

### गोघटपुर में स्वच्छता शपथ समारोह आयोजित

**जीरापुर 12 अगस्त, सं.** विकासखंड शिक्षा विभाग अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोघटपुर में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया . जहां पर ग्राम प्रधान योगेश गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में स्वच्छता पर बताया गया कि हमें हमेशा स्वच्छता पर ध्यान रखना चाहिए यदि हम गंदगी कुड़ा कचरा नहीं करेंगे साफ सफाई रखेंगे तो बीमारी से बचेंगे . इस अवसर पर उप सरपंच चंदर सिंह चौहान,जनपद पंचायत सदस्य राकेश पाटीदार,भाजपा मंडल उपाध्यक्ष बलवंत सिंह चौहान,ग्राम पटेल श्याम सिंह पटेल एवं अन्य जन प्रतिनिधियों के साथ-साथ विद्यालय के प्राचार्य गोविन्द सिंह चौहान, जन शिक्षक प्रेम सिंह वर्मा,नीलू टेलर वरिष्ठ अध्यापक एवं समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओ ने विद्यार्थियों के साथ स्वच्छता की शपथ ली .

### नवोदय में आवेदन की अंतिम तिथि 20 अगस्त

**राजगढ़ 12 अगस्त, का .** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कचनारिया( सुस्तानी) में वर्तमान शिक्षा सत्र में कक्षा ग्यारहवीं आर्ट्स में स्थानों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त से बढ़कर 20 अगस्त 2025 कर दी गई है l इसके लिए आवेदक को किसी भी मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से सत्र 2024 - 25 में कक्षा 10 में न्यूनतम 60त्न अंक होने चाहिए . आवेदक का जन्म तिथि 1 जून 2008 से 31 जुलाई 2010 के मध्य होना चाहिए . उक्त दोनों दिनांक को जन्मे आवेदक भी आवेदन हेतु पात्र है . प्राप्त आवेदनों के आधार पर मेरिट लिस्ट बनाई जाएगी . पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र व कक्षा 10 की अंक तालिका की फोटो कॉपी पर ईमेल किया जा सकता है अथवा व्यक्तिगत रूपसे विद्यालय कार्यालय में जमा कर सकते है .

### स्वच्छता अभियान में तिंरगा रंगोली पोस्टर बनाए

**कुरावर 12 अगस्त, सं .** महात्मा गांधी महाविद्यालय कुरावर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव तिरंगा की थीम पर महात्मा गांधी महाविद्यालय के प्राचार्य श्री विजय आठवले के संरक्षण में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी एवं तिरंगा पोस्टर का आयोजन शिवानी पालीवाल,आरती मीणा एवं शिवानी साहू के निर्देशन में किया गया lइस अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी विनोद जायसवाल,इलियास बैग, माखन मीणा एवं निकेत मीणा उपस्थित रहे,इसके पश्चात सभी ने हर घर तिरंगा वेबसाइट पर सेल्फी लेकर पंजीयन किया .

# हर घर तिरंगा और स्वच्छता अभियान की शपथ

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 12 अगस्त, सं.** आजादी का श्रमदान एवं घर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता उत्सव को लेकर अटल चोक में एक समारोह नगर परिषद एवं जनपद पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया. जिसमें स्वच्छता पखवाड़ा के तहत श्रमदान अटल चौक से शुरू कर इंदर चौराहा तक जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों ने किया. इस अवसर पर सीएमओ हरीओम शर्मा , सीईओ रणजीत सिंह रघुवंशी , थाना प्रभारी रवि ठाकुर की उपस्थिति में मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा ने कहा कि नगर परिषद सहित सभी मिलकर स्वच्छता अभियान को सफल बनाएं. विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वच्छता को मिशन बनाया है. विधायक ने अन्ना हजारे के गांव रालेगण सिद्धि का उदाहरण दिया. इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दिनेश पुरोहित , नपा उपाध्यक्ष हेमन्त जोशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बलराम टांक , पूर्व मण्डल अध्यक्ष विष्णु सिंह पंवार , जिला मंत्री ईश्वरसिंह तोमर , किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष शिव मण्ड्लोई,लखन तोमर, रमेश चंद्र शर्मा देवकीनंदन जमींदार डिगा, गोविंद बरोंज, संजय भावसार,कमल झावा, गिरीराज जुलानिया, जगदीश चौहान पटवारी, नगरपरिषद कर्मचारी देवनारायण दांगी, ओंकार मण्ड्लोई, राहुल दांगी, राकेश मण्ड्लोई, जसवंत दांगी, जितेंद्र तिवारी, आजाद झावा आदि मौजूद रहे.

### फसल बीमा राशि की मांग की

**राजगढ़ 12 अगस्त, का.** पूर्व विधायक बापू सिंह तंवर ने विधानसभा के प्रधानमंत्री फसल बीमा की राशि से वंचित रहे किसानों के हित में जिला कलेक्टर को पत्र दे कर अवगत कराया है. जिसमें कहा कि कल राजस्थान के झुझुनू जिले से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किसानों के खातों में डाली गई प्रधान मंत्री फसल बीमा की राशि से कई पात्र किसान वंचित रह गए है. राशि से ज्यादा किसान का प्रीमियम काट लिया गया. प्रशासन से आग्रह किया है कि फसल बीमा राशि वितरण में विसंगति की जांच करवा कर बीमा राशि प्रदान करें.


# आकांक्षा हाट में लोकल उत्पादों ने चमक बिखेरी



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 12 अगस्त, का.** वोकल फॉर लोकल थीम पर आधारित नीति आयोग भारत सरकार के आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत नरसिंहगढ़ में आकांक्षा हाट का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 07 अगस्त , 2025 को किया था l आकांक्षा हाट का उद्देश्य वोकल फॉर लोकल को प्रोत्साहन देना एवं स्थानीय उत्पादों को ब्रांड के रूप में विकसित करना है, ताकि स्था नीय उत्पहदों का वैश्विक स्तथर पर पहचान बनें. इस आयोजन में सभी प्रतिभागियों में उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली तथा सभी ने जिला प्रशासन एवं नीति आयोग का धन्यवाद किया. आकांक्षा हाट में विभिन्न स्टॉल लगाए गए. एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट खिलचीपुर द्वारा दाल, बेसन, मसाले व पैकिंग जिसकी कीमत लगभग 33 लाख रूपये व 200 गाँवों में विपणन, मालाव महिला मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन 22 हजार, महिला डेयरी किसान, 175 करोड़ रूपये टर्नओवर, प्रतिदिन 75 हजार लीटर दूध संग्रह, बायोगैस संयंत्र से स्वच्छ ऊर्जा, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र (एमएसएमई) डेयरी, कृषि उपकरण, प्रोफाइल शीट, रबर शीट, बायोमास ब्रिकेट, आटा, हैंडलूम (एसएचजी पडाना) बेड शीट, मासिक आय 7,200 रूपये सदस्य, बिक्री मेलों व प्रदर्शनी में, स्वच्छ एसएचजी (हस्तशिल्प) सजावट सामग्री निर्माण प्रदर्शित किया.

# सावन मास में 84 वर्षों से जारी है पारायण की परंपरा



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 12 अगस्त, सं.** होल्कर स्टेट में देवी अहिल्याबाई द्वारा निर्मित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल त्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर शिव चौक में विगत 84 वर्षों से रामायण पारायण पाठ का भव्य आयोजन होता आ रहा है. श्रावण मास में आयोजित रामायण पारायण में प्रतिदिन पाठ करते है. तीस दिन उपरांत दो दिवसीय आयोजन जिसमें प्रथम दिवस सत्यनारायण भगवान की कथा पं. सुरेश बिहारी नागर द्वारा द्वितीय दिवस भगवान त्रयंम्बकेश्वर महादेव की पालकी भव्यता से नगर भ्रमण पर निकाली. पालकी के साथ नन्दी, शिवलिंग, शिव-परिवार की झांकी रहती है वहीं नगर के चौपड़ा बाजार, बुधवारिया बाजार, जवाहर चौक, इंदर चौराहा, स्वामी विवेकानंद चोराहा,बस स्टैंड,गांधी बस्ती, भावसार मोहल्ला, शाहजी मोहल्ला से मंदिर परिसर पहुंचती है मध्य रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पालकी का स्वागत किया जाता है एवं महादेव कि पुजा अर्चना करके श्रद्धालु आशीर्वाद प्राप्त करते है. इस दौरान घोड़े पर सवार होकर ध्वज धारण कर पं.रामेश्वरदयाल तिवारी एडवोकेट चल रहे थे. मंदिर पर रामायण पारायण पूर्णाहुति पर पं. स्वप्निल व्यास एवं पं. अजय शर्मा द्वारा विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार कर हवन में आहुतियां दिलवाई गई. मेडतवाल समाज धर्मशाला मे भण्ड़ारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों महिला पुरुष युवाओं ने महाप्रसादी ग्रहण की.

### फसल बीमा के आवेदन 30 तक

**राजगढ़ 12 अगस्त, का.** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत अत्र्ऋणी किसानों के लिए खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़कर 14 अगस्त कर दी गई है तथा ऋणी किसानों के लिये अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अगस्त कर दी गई है. जिन किसानों ने बैंकों से केसीसी लिया है और उनका बीमा बैंक द्वारा किया जाता है, किसी कारण से बैंक द्वारा बीमा नहीं किया गया है तो वह किसान बैंक से संपर्क कर अपना फसल बीमा कराएं. कृषि विभाग द्वारा किसानों को सलाह दी गई है कि खरीफ फसलों का बीमा अवश्य करायें.

# 43 शासकीय सेवकों को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 12 अगस्त, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं जिला पेंशन अधिकारी अमित दुबे द्वारा मीटिंग हाल में जुलाई-2025 में 43 सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों का शाल, श्रीफल एवं माला के साथ सेवा पेंशनरों को पीपीओ / जीपीओ प्रदाय कर सम्मानित किया गया. इस दौरान श्री पवन विजयवर्गीय, डॉ. रूप सिंह परिहार, नासिर जहां, रामगोपाल नरेडा, भगवान सिंह मीणा, दीपक राव ईग्ले, भैरूलाल श्रीलाल, बापूलाल वर्मा, प्रकाश नारायण सोनी, सालिग राम पालीवाल, देवकरण वर्मा, हरिप्रसाद वर्मा, बापूलाल रूहेला, सिघूलाल लववंशी, श्रीमती उर्मिला सिसोदिया, हरिओम मिश्रा, बापूलाल जाटव, दिनेश कुमार पाठक, किरण चन्द्रम सक्सेना, प्रमिला विजय, रामचन्द्र वर्मा, रंजना खरे, मुबारिक खान, जाहिद उल्लासह, अरूण सक्सेपना, राजराम मालवीय, मधुलता शर्मा, जगदीश प्रसाद लुहार, सिंघनाथ वर्मा, देवचन्द्रन दांगी, रमेश चन्द्र पंवार, चन्द्रशेखर वर्मा, हरिराम वर्मा, मोहनलाल स्वर्णकार, हरेन्द्रा सिंह खिंची, मोहन मुरारी शर्मा, चन्द्रकांत दवे, श्याममबाबू, जगदीश चन्द्रह कोली, रघुनंदन शर्मा, अमृतलाल, नन्द किशोर एवं अनोखीलाल राठौर उपस्थित रहे.

### उत्साह से मनाई कजरिया तीज

**पड़ाना 12 अगस्त, सं.** नगर में कजरी तीज पर्व के दौरान मायका पक्ष द्वारा मिट्टी द्वारा निर्मित कजरी माता की प्रतिमा बनाकर चल समारोह निकाल कर ताल वा तलैया में विधि विधान से पूजा अर्चना कर व्रत का उद्यापन किया गया घोसला एवं समीप ग्राम मऊ से से उद्यापन कराने मायका पक्ष प पड़ाना नगर पहुंची में श्रीमती राम भरोसी पति बद्री लाल शर्मा निवासी मऊ एवं श्रीमती उमा उपाध्याय पति कमलेश उपाध्याय निवासी घोंसला ने बताया कि यह व्रत अच्छे पति की कामना हेतु बाल्य काल से किशोरावस्था के बीच में ही लिया जाता है.

# कामाख्या के दर्शन हेतु आवेदन आमंत्रित

**राजगढ़ 12 अगस्त , का.** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत धार्मिक स्थल कामाख्या के दर्शन हेतु यात्रा संबंधी आवश्यक निर्देश प्राप्त हुए है. यात्रीयों के लिए यात्रा की तिथि 15 सितम्ब र से 20 सितम्बनर, 2025 नियत की गई है. मध्यप्रदेश के 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठम नागरिकों (जो आयकर दाता नहीं है) (महिलाओं के मामले में 02 वर्ष की छुट) के लिए है. तीर्थ यात्रा हेतु जिले के पात्र हितग्राहियों नियत तिथि तक माँ कामाख्या यात्रा पर ब्यावरा रेल्वे स्टेशन से रवाना किया जाएगा. उक्त तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में संबंधित तहसील कार्यालय में कार्यालयीन दिवसों में 03 सितम्बार, 2025 तक जमा कर सकते है. इसके उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र विचार नहीं किया जाएगा.

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने राज्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 12 अगस्त, सं.** मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने अपनी लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा. प्रांतीय अध्यक्ष ओमप्रकाश बुधौलिया के आव्हान पर जिला अध्यक्ष पंडित दिनेश कुमार नागर सहित सदस्यों ने सोमवार को श्री साईं मंदिर परिसर में अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिकार की मौजूदगी में बैठक की. पेंशनर्स की पूर्व लंबित मांगों को लेकर रैली के रूप में नारे लगाते हुए सेवा सदन कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल के प्रतिनिधि के रूप में हरि सिंह टांक को सौंपा गया. ज्ञापन में 2 प्रतिशत महंगाई राहत स्वीकृत करने, राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 समाप्त करने, आठवें वेतनमान के गठन से वित्त विधेयक में संशोधन निरस्त करने की मांग की. पेंशनर्स की मांग है कि 80 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 20 प्रतिशत की वृद्धि होती है वह क्रमिक वृद्धि दी जाकर 65 वर्ष की उम्र में 5 प्रतिशत, 70 वर्ष की उम्र में 10 प्रतिशत, 75 वर्ष की उम्र में 15 और 80 वर्ष की उम्र में 20 की वृद्धि की जाए. छठवें और सातवें वेतनमान का एरियर्स 32 एवं 27 माह का भुगतान किया जाए.

**खेती** मौसम खुलने के बाद बढ़ी उमस, फसलों के जड़ तने को काटकर चट कर रहीं इल्लियां

# बारिश के बाद अब सोयाबीन की फसल पर इल्लियों का प्रकोप

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 12 अगस्त, का. लम्बे समय तक अतिवृष्टि के कारण सोयाबीन फसल को नुकसान पहुंचा अब मौसम खुला तो उमस भरी गर्मी के कारण फसलों में इल्लियों का प्रकोप हो गया है जो फसल को चट कर रही है. एक प्रकोप दूर हुआ नहीं कि दूसरे मुसीबत ने फसलों को घेर लिया. इन हालातों को लेकर किसान खासे चिंतित है.**



विदित है कि जुलाई माह में नगर सहित आसपास क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई. कई दिनों तक बारिश का सिलसिला चलता रहा. अनवरत् बारिश ने सर्वाधिक नुकसान सोयाबीन को पहुंचाया. खेतो में खड़ी फसलें जलमग्न हो गई. फसलों को नुकसान होना शुरु हो गया. बारिश का दौर थमने पर राहत की सांस ली किंतु अब उमस भरी गर्मी से फसलों में इल्लियां पनप रही है जो कि फसलों को खाकर चट करने पर तूली है. इल्ली के साथ ही बारीक मच्छरों का भी प्रकाप बना हुआ है.

**जड़, तना काट रही इल्लियां-** अनेक स्थानों पर सोयाबीन में फूल आने लगे है. इल्लियां पौधे के पत्ते, तना को खा रही है. प्राय: पीले कलर की इल्ली फसलों में देखी जा रही है. इल्ली फसलों को खाकर कमजोर कर रही है. पौधे की ग्रोथ रुकने लगी है. ग्राम आगर निवासी के अनुसार इल्ली के प्रकोप से फसलों को नुकसान हो रहा है, फसलों को बचाने कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है.

**तने, पत्ते को काट रही इल्ली-** इल्ली पौधे के तने, पत्ते को काट रही है. इससे प्रभावित पौधे की ग्रोथ रुक जाती है. ग्राम बारवां, आगर, धुरला, तालौड़ी, खजुरिया, खानपुरा, मोई, पगारा, पिपल्या सहित ग्रामीण क्षेत्रो में सोयाबीन फसल में इल्ली का प्रकोप बना हुआ है. कृषकगण के अनुसार पहले अतिवृष्टि से फसलों को नुकसान हुआ और अब इल्ली का प्रकोप हो गया है. एक के बाद एक फसलों पर आ रही प्राकृतिक आपदाओं ने खासा चिंतित कर रखा है.

### तेज बारिश से मिलेगी राहत

कई जगह कीटनाशक दवाओं से भी इल्ली नष्ट नहीं हो पा रही है . तेज बारिश होने पर इल्ली के प्रकोप से राहत मिल सकेगी . बरिश के तेज प्रवाह से पौधे से इल्ली झड़कर नष्ट हो जाती है . ऐसे में अब झमाझम बारिश का इंतजार हो रहा है ताकि इल्ली का प्रकोप दूर हो सके .

*बारिश थमने के बाद गर्मी से इल्ली का प्रकोप होने लगा. इल्ली को लेकर जानकारी आयी है. मौके पर पहुंचकर फसलों का निरीक्षण किया जाकर उचित सलाह दी जा रही है.*

**एन.एस. हरियाले**
**वरिष्ठ कृषि अधिकारी, कृषि विभाग ब्यावरा**



# बाइक रैली के साथ तिरंगा यात्रा

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 12 अगस्त, का.** मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे द्वारा हर घर तिरंगा- हर घर स्वच्छता अभियान अन्तर्गत नगर पालिका वार्ड क्रमांक 01 खानगा स्थित फिल्टर प्लांट की जलप्रदाय कर्मचारियों के साथ मिलकर साफ सफाई का कार्य किया गया. निकाय परिसर की सफाई उपरांत निकाय के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा तिरंगा बाईक रैली प्रांरभ कर थाना परिसर पहुंची. जहां नगरीय निकाय के समस्त अधिकारी कर्मचारी व पुलिस एवं राजस्व विभाग के संयुक्त अमले द्वारा थाना, न्यायालय व एसडीएम, तहसील परिसर में सफाई का कार्य किया. इस विशाल एवं भव्य तिरंगा बाईक रैली में तिरंगा लहराते हुए सैकड़ों बाइक सवार राष्ट्रप्रेम के रंग में रंगे नजर आए. आयोजन पूरे हर्षोल्लास, गरिमा और जन सहभागिता के साथ विशेष रूप से देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया.